Regarding setting up of a Mega Food Park in Kushinagar-Laid

श्री विजय कुमार दूबे **(कुशीनगर) :** देश के अंतिम छोर पर बसा कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र कृषि बहुल क्षेत्र है और यहाँ के कृषक गन्ने की खेती पर आश्रित हैं । कुशीनगर जनपद में कृषि उत्पादों से सम्बंधित उद्योग की बहुत सम्भावना है । यहाँ के निवासियों का आय का मुख्य साधन कृषि है । जनपद में गन्ने का उत्पादन बहुत होता है । हमेशा से आम जनता की माँग होती रही है कि कुशीनगर जनपद मे " मेगा फ़ूड पार्क " की स्थापना की जाए । किसानों की आय बढ़ाने में मेगा फूड पार्क की स्थापना बहुत बड़ा कदम होगा, इस से किसान समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा । माननीय प्रधानमंत्री जी का भी विजन है कि किसानो की आय मे बढ़ोतरी हो और युवाओं को रोजगार मिले । आज के आधुनिक युग मे कृषि उत्पादन पर सबका जोर है । मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि कुशीनगर जनपद में एक मेगा फूड पार्क की स्थापना की जाए ताकि यहाँ के किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत हो और देश की तरक्की में अपना योगदान बनाये रखें ।